न्यूज डायरी

अरविंद-त्रिलोक पूछताछ के लिए ईडी रिमांड पर

नवभारत ब्यूरो। रायपुर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्रदेश के बहुचर्चित शराब घोटाले के आरोप में व्यवसायी अरविंद सिंह व त्रिलोक सिंह ढिल्लन को ईडी रिमांड पर ले लिया है। विशेष न्यायालय में ईडी की ओर से पेश किए आवेदन पर जारी किए गए प्रोडक्शन वारंट पर दोनों आरोपियों को मंगलवार दोपहर न्यायालय में पेश किया गया था। ईडी ने विशेष न्यायालय में दोनों आरोपियों से पूछताछ करने के लिए पुलिस रिमांड दिए जाने का अनुरोध किया था। न्यायालय ने अरविंद सिंह व त्रिलोक सिंह ढिल्लन को पूछताछ के लिए ईडी को सौंप दिया है। अब इन्हें 6 जुलाई को विशेष न्यायालय में पेश करना होगा। ज्ञात रहे कि कथित शराब घोटाले को लेकर ईडी ने एक नया मामला दर्ज किया है।

डीपीसी से हरी झंडी के बाद राज्य शासन ने जारी किए आदेश

अरुणदेव व हिमांशु बने डीजी

आईपीएस पवन देव का नाम फिलहाल लिफाफा बंद

डीजीपी अशोक जुनेजा अगले माह अगस्त में सेवानिवृत्त हो रहे

नवभारत ब्यूरो । रायपुर।

अरुण देव

हिमांशु गुप्ता

भारतीय पुलिस सेवा के 1992 बैच के अधिकारी अरुण देव गौतम व 1994 बैच हिमांशु गुप्ता अब पुलिस महानिदेशक बन गए हैं। विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) ने दोनों अफसरों की पदोन्नति को हरी झंडी दी थी, जिसके बाद राज्य शासन ने उनकी पदोन्नति का आदेश जारी कर दिया है। डीजीपी बनने की दौड़ में शामिल आईपीएस पवन देव का नाम फिलहाल लिफाफा बंद रखा गया है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में पुलिस महानिदेशक के दो कैडर पद हैं। इसके विरूद्ध राज्य सरकार दो एक्स कैडर पद सृजित कर सकती है। इस तरह पुलिस महानिदेशक के चार पद हुए। अभी चार में से केवल एक पद भरा है, जिस पर आईपीएस अशोक जुनेजा पुलिस महानिदेशक हैं। शेष तीनों पद खाली हैं। श्री जुनेजा के बाद राजेश मिश्रा डीजी बनाए गए थे, लेकिन जनवरी में उनकी सेवानिवृत्ति के बाद वह पद भी रिक्त हो गया। वर्तमान में पुलिस महानिदेशक के तीन पदों के लिए बीते दिनों डीपीसी हुई थी। डीपीसी में 1992 बैच के अरुण देव गौतम तथा 1994 बैच के पवनदेव व हिमांशु गुप्ता के नाम पर विचार किया गया। वर्तमान में पवन देव के खिलाफ विभागीय जांच चल रही है, इसलिए डीपीसी में उनके नाम पर चर्चा तो हुई, लेकिन उनका प्रमोशन नहीं हो पाया और लिफाफा बंद किया गया है।

पुलिस महानिदेशक के पद पर अरुण देव गौतम व हिमांशु गुप्ता को पदोन्नत किया गया है। श्री गौतम वर्तमान में गृह, जेल व परिवहन विभाग के सचिव की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। वहीं श्री गुप्ता वर्तमान में पुलिस मुख्यालय में एडीजी प्रशासन के पद पर कार्यरत हैं।

नए डीजीपी की तलाश तेज

राज्य में नए पुलिस महानिदेशक की तलाश तेज हो गई है। डीजीपी अशोक जुनेजा अगले माह अगस्त में सेवानिवृत्त हो रहे हैं। डीजीपी पद के लिए कई दावेदार हैं। इनमें 1992 बैच के अरुणदेव गौतम व 1994 बैच के हिमांशु गुप्ता के नाम प्रमुख रूप से शामिल हैं। हालांकि डीजीपी के लिए राज्य शासन की ओर से आईपीएस अफसरों के नाम का पैनल यूपीएससी को भेजा जाएगा। केंद्र से मंजूरी के बाद नए पुलिस महानिदेशक की पदस्थापना होगी।

कार को ट्रेलर ने मारी टक्कर, दो की मौत

रायगढ़। सोमवार की देर रात हुए हादसे में चालक की मौके पर मौत हो गई, घायल चार को प्रायवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां मंगलवार की सुबह एक की मौत हो गई। तीन गंभीर रूप से जख्मी है, जिनका उपचार प्रायवेट अस्पताल में जारी है। देर रात रायगढ़ लौटने के दौरान पूंजपथरा थाना अंतर्गत रांग साइड में ट्रेलर ने क्रेटा कार को सामने से जोरदार ठोकर मार दिया है। कार का ड्राइवर उसी में फंस और मौके पर दम तोड़ दिया। पूंजीपथरा पुलिस ने चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार पीड़ित मुकेश मित्तल ने बताया कि 29 जून को तनय मित्तल 20 वर्ष दिपांशु मित्तल 17 वर्ष मामा घर रायगढ़ गए हुए थे। 01 जुलाई मामा घर रायगढ़ से तनय मित्तल, दिपांशु मित्तल एवं आयुषी अग्रवाल एवं हर्ष अग्रवाल के साथ अपने कार क्रेटा सीजी 13 एएफ 7430 से ड्रायवर सुरेन्द्र राठिया के साथ रायगढ़ से घरघोडा चलाते ला रहा था। रात करीब 09.20 बजे लाखा से आगे रिंकु ढाबा के पास पहुंचे थे इसी दौरान सामने की ओर से आ रही ट्रेलर वाहन क्रं सीजी 13 एल ए 5308 का चालक ट्रेलर को तेज गति से चलाते हुए क्रेटा कार को जोरदार ठोकर मार दिया।

हैदराबाद में किराए के मकान में चल रहा ऑनलाइन सट्टा महादेव एप पैनल ध्वस्त

सुपेला में कार के अंदर ऑनलाइन सट्टा पकड़ में आया तो हैदराबाद का मिला लिंक

मिले बैंक खातों से 2 माह में सवा करोड़ रुपए के कारोबार की पुष्टि

नवभारत रिपोर्टर । भिलाईनगर। पुलिस ने सुपेला थाना क्षेत्र में मास्टर आईडी चलाने वाले एक आरोपी को दक्षिण गंत्रोत्री से पकड़ा था। उसकी निशानदेही पर हैदराबाद में किराए के मकान में ऑनलाइन सट्टा ऐप लोटस-444 पैनल पर कार्रवाई कर पांच युवकों को दबोचा है। पुलिस के हाथ लगे बैंक खातों से 2 माह में सवा करोड़ रुपए का कारोबार करने की जानकारी मिली है। सेक्टर-6 स्थित पुलिस कंट्रोल रुम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (क्राइम) ऋचा मिश्रा ने पत्रवार्ता में बताया कि ऑनलाइन सट्टा का कारोबार करने वाले संदेहियों पर लगातार निगाह रखी जा रही थी। इसी दौरान टीम को विशेष सूत्रों से पता चला कि विनय यादव निवासी रुआबांधा अपनी कार में दक्षिण गंगोत्री सर्कस मैदान के पास कार में बैठकर ऑन-लाइन गेमिंग ऐप सट्टा का कारोबार कर रहा है। घेराबंदी कर रुआबांधा निवासी विनय यादव उर्फ स्टार को पकड़ा। उसके पास से 03 मोबाइल में ऑन-लाइन गेमिंग सट्टा से संबंधित हिसाब किताब व्हाट्सअप ग्रुप मिला। कड़ी पूछताछ करने पर उसने ऑन-लाइन गेमिंग सट्टा का कारोबार करना स्वीकार किया। जब्त मोबाइल में 13 बैंक एकाउंट का संचालन किया जा रहा था। इसमें विगत 2 माह से लगभग सवा करोड का कारोबार हुआ है तथा मोबाईल में संचालित बैंक खातों में 1,34,738 रुपए शेष है। जिसे होल्ड कराये जाने के लिए बैंकों से पत्राचार किया गया है।

आरोपी से 5 लाख के गहने समेत कार बरामद- ऋचा मिश्रा ने बताया कि आरोपी विनय यादव उर्फ स्टार के कब्जे से 03 मोवाइल, जिसमें गेमिंग सट्टा से संबंधित हिसाब किताब व कार (सीजी 07 सीपी 5866) समेत 5 लाख के सोने के जेवरात पकड़े। इस तरह आरोपी से कुल 17 लाख रुपए का सामान पकड़ा गया।

प्रथम पेज के शेष

अब एक आवेदन...

उद्योग विभाग की इस नई व्यवस्था से सभी सुविधाएं एक क्लिक पर उपलब्ध होगी। उद्योगों की स्थापना की प्रक्रिया आसान होने से निवेश में उनकी रुचि बढ़ेगी और युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। व्यवसायियों को आवश्यक विभागीय अनुमति-सहमति और क्लीयरेंस के लिए भटकना नहीं पड़ेगा और न ही अलग-अलग विभागों में आवेदन करने की आवश्यकता होगी। श्री साय ने कहा कि नए पोर्टल में विभागीय अधिकारियों को भी जिम्मेदारियां दी गई हैं और उन पर आवेदनों के समय पर निराकरण की जवाबदेही भी होगी। मुख्यमंत्री ने उद्योग विभाग के अधिकारियों को समय-समय पर इसकी समीक्षा करने के निर्देश भी दिए। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने सभी उद्योगपतियों को बधाई देते हुए कहा कि इससे समय पर आवेदनों का निराकरण होगा और आवेदक सिंगल क्लिक पर अपने आवेदन की स्थिति के बारे में जान पाएंगे।

मौत का सत्संग...

योगी ने कहा, दोषी कोई भी हो बचेगा नहीं। वहीं, अलीगढ़ की मंडल आयुक्त चैत्रा वी और आगरा की अपर पुलिस महानिदेशक की अगुवाई में जांच समिति गठित कर 24 घंटे में रिपोर्ट तलब की है। चैत्रा वी ने बताया, कार्यक्रम में 20 हजार लोगों के शामिल होने की अनुमति मांगी गई थी, मगर इसमें 50 हजार से अधिक लोग शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल पर जमीन समतल नहीं थी और बाबा के पैर छूने के लिए मची होड़ में भगदड़ मच गई। आयोजकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सत्संग खत्म होने के बाद गर्मी से परेशान श्रद्धालुओं की भीड़ अपने वाहनों की ओर बढ़ रही थी। अलीगढ़, एटा, मैनपुरी, कासगंज, आगरा सहित हरियाणा से भी अनुयायी पहुंचे थे। इसी दौरान, स्वयंसेवकों ने बाबा के काफिले को निकालने के लिए भीड़ को रोक दिया। स्वयंसेवक लाठी डंडों से भीड़ को धकियाने लगे। बाबा के पैर छूने की होड़ में कुछ महिलाएं गिर पड़ीं। पीछे से आ रहे लोग उन्हें कुचलते हुए आगे बढ़ने लगे। इसमें और लोग गिर गए। इसके बाद, जो भी वाहन मिला उसमें घायलों और शवों को अस्पताल ले जाया गया।

92 शव सिकंदराराऊ के ट्रामा सेंटर पर लाए गए...इनमें 85 महिलाएं, चार बच्चे और तीन पुरुष थे। 27 शव एटा मेडिकल कॉलेज लाए गए। कुछ परिजन शवों को बिना पोस्टमार्टम और पंचनामा भरवाए लेकर चले गए।

मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख व घायलों को 1-1 लाख की मदद : प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये जबकि घायलों को 50-50 हजार रुपये मदद देने की घोषणा की है। उत्तर प्रदेश सरकार ने भी इतनी ही राशि की मदद देने की घोषणा की है।

पीड़ितों के प्रति गहरी संवेदना : मुर्मू : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, समाचार हृदय विदारक है। मैं परिवारजनों को खोने वाले लोगों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करती हूं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना करती हूं।

हर स्तर पर मदद देगी सरकार : मोदी : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में हाथरस हादसे पर दुख जताया। पीएम ने कहा, हाथरस में भगदड़ में लोगों की मौत बेहद दुखद है। मेरी संवेदनाएं मृतकों के परिजनों के साथ हैं। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना है। पीड़ितों को सरकार हर स्तर पर मदद पहुंचाने में जुटी है।

राहुल गांधी ने जताया शोक : लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संवेदना जताते हुए कहा, सरकार और प्रशासन से अनुरोध है कि पीड़ितों को तत्काल इलाज और राहत पहुंचाएं। उन्होंने भी विपक्षी गठबंधन के दलों के कार्यकर्ताओं से दुर्घटना पीड़ितों की मदद का आह्वान किया।

हृदयविदारक :आदित्यनाथ: सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हाथरस की दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक है। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान तथा घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

अनुमति से कई गुना ज्यादा लोग पहुंचे : मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने बताया कि आयोजकों ने 20 हजार के करीब लोगों के लिए अनुमति ली थी लेकिन कई गुना ज्यादा लोग वहां पहुंच गए। कार्यक्रम स्थल के बगल में नाला है जिसमें लोग गिरते चले गए। 72 मृतकों की पहचान हो गई है और अन्य की शिनाख्त के प्रयास कर रहे हैं।

धर्मांतरण नहीं रोका...

जिसमें कहा गया कि उसके भाई समेत अन्य लोगों को समागम में शामिल होने के लिए गांव से नई दिल्ली ले जाया गया जहां उन्हें ईसाई धर्म में परिवर्तित कर दिया गया। उनका भाई गांव कभी नहीं लौटा।' अदालत ने कहा, 'अगर इस प्रक्रिया को जारी रहने दिया गया तो एक दिन इस देश की बहुसंख्यक आबादी अल्पसंख्यक हो जाएगी। ऐसे धार्मिक समागमों को तुरंत रोका जाना चाहिए जहां धर्मांतरण किया जा रहा है।'

अबूझमाड़ में जवानों...

जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। करीब पौन घंटे की गोलीबारी के बाद नक्सली भाग खड़े हुए। घटनास्थल की सर्चिंग करने पर 5 वर्दीधारी नक्सलियों के शव और हथियार बरामद किए गए हैं। एसपी ने बताया कि मौके पर आसपास फैले खून के धब्बों से आशंका जताई जा रही है कि इस मुठभेड़ में कई और नक्सली मारे गए और घायल हुए हैं, जिन्हें नक्सली अपने साथ ले जाने में सफल हुए हैं। एसपी ने बताया कि इलाके में सर्चिंग बढ़ा दी गई है।

अबूझमाड़ अब सुरक्षाबलों के टारगेट में : नारायणपुर जिले में सुरक्षाबलों की ओर से नक्सलियों के खिलाफ लगातार ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं, जिसमें सफलताएं भी मिल रही हैं। जवानों ने 30 अप्रैल को 10 नक्सली, 23 मई को 8 नक्सली और 15 जून को 8 नक्सलियों को ढेर किया था। बता दें कि बस्तर संभाग में सुरक्षाबलों ने इस वर्ष अब तक 143 नक्सलियों को मार गिराया है। नारायणपुर का अबूझमाड़ अब सुरक्षाबलों के टारगेट में है। यहां से नक्सलियों को खदेड़ने की रणनीति पर फोर्स काम कर रही है।

कांग्रेस के मुंह...

ये देशवासियों की आशा है। श्री मोदी ने कहा कि तीसरे टर्म में हम तीन गुना स्पीड से काम करेंगे और तीन गुना रिजल्ट देंगे। देश की जनता ने देखा है कि हमारा एकमात्र लक्ष्य भारत सर्वप्रथम रहा है, हमारी हर नीति, निर्णय और कार्य का एक ही तराजू भारत प्रथम रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 10 साल में हमारी सरकार की कई सिद्धियां हैं। देश निराशा के गर्त से निकला। धीरे-धीरे देश के मन में स्थिर हो गया, जो 2014 से पहले कहते थे कि कुछ नहीं हो सकता। वो आज कहते हैं कि देश में सब संभव है। ये विश्वास जताने का काम हमने किया। भाजपा के खराब प्रदर्शन पर विरोधी दलों के तंज का जवाब देते हुए श्री मोदी ने कहा कि केरल में पहली बार भाजपा ने खाता खोला है। ओडिशा में हमें महाप्रभु जगन्नाथ का आशीर्वाद मिला है। तमिलनाडु में भी हमारा परफॉर्मेंस सुधरा है। आने वाले तीन राज्यों के विधानसभा चुनावों में हम जोरदार प्रदर्शन करेंगे।

कांग्रेस के इतिहास में ये तीसरी सबसे बड़ी हार : श्री मोदी ने सीधा हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस के लिए भी इस देश की जनता ने जनादेश दिया है। ये जनादेश है, वहीं बैठो। विपक्ष में ही बैठो और तर्क खत्म हो जाए तो चीखते रहो, चिल्लाते रहो। कांग्रेस के इतिहास का ये पहला मौका है, जब लगातार तीन बार कांग्रेस सौ का आंकड़ा पार नहीं कर पाई है। कांग्रेस के इतिहास में ये तीसरी सबसे बड़ी हार है। तीसरा सबसे खराब प्रदर्शन है।

कार्यालय, उपसंचालक, शासकीय आयुर्वेद फामेर्सी, रायपुर (छ.ग.)

ई-मेल :-govt.ayurvedicpharmacy@gmail.com
दूरभाष एवं फैक्स क्र. - 0771-2263437

क्रमांक /क्रय / 2024 / 745 दिनांक 01/07/2024

//निविदा निरस्तीकरण सूचना//

उपसंचालक, शासकीय आयुर्वेद फामेर्सी, रायपुर (छ. ग.) द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 717, दिनांक 24.06.2024 के द्वारा पैकिंग सामाग्रियां क्रय हेतु निविदा आमंत्रित किया गया था, जिसे दिनांक 25.07.2024 को दोपहर पश्चात् 03:00 बजे खोला जाना था।

उक्त निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 717, दिनांक 24.06.2024 को अपरिहार्य कारणों से एतद् द्वारा निरस्त किया जाता है ।

उपसंचालक,
शासकीय आयुर्वेद फामेर्सी
रायपुर (छ.ग.)

जी-242500740/2

कार्यालय नगर पालिका परिषद तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)
शुद्धि पत्र- ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

क्र. 335 / लो.नि./न.पा./2024-25 तखतपुर, दिनांक 02/07/2024

नगर पालिका परिषद तखतपुर के कार्यालयीन पत्र क्रमांक 332 दिनांक 01/07/2024 द्वारा ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना आमंत्रित की गई थी, जो नईदुनिया एवं नवभारत अखबार में दिनांक 02/07/2024 के अंक में प्रकाशित की गई है। जिसके केवल सरल क्रमांक 01 सिस्टम टेण्डर नम्बर '155634' के स्थान पर '155640' पढ़ा जावें । कार्य का विवरण, अनुमानित लागत राशि, Bid Due Date तथा नियम एवं शर्तें यथावत रहेगी ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद तखतपुर

जल ही जीवन है, जल है तो कल है।

Public Works Department
Sector-19, North Block, Naya Raipur (C.G.)
E-Procurement Tender Notice
E-mail: tenders-pwd.cg@gov.in

NIT No.030/TC/EinC/PWD/2024-25 Dated 25.06.2024

The Engineer-in-Chief, Public Works Department on behalf of **Governor of Chhattisgarh invites percentage rate bids** on electronic tendering system under **RCPLWE RRP-III** in the district of Bijapur for construction of 02 Roads with estimated cost amounting **Rs 2,680.50 Lacs** including their maintenance for five years from the contractors registered with unified registration system (e- registration) in Chhattisgarh. Non registered bidders may submit bid; however the successful bidder must get registered in appropriate class under "Unified Registration System (e-Registration) of Chhattisgarh before signing the agreement.

The bid document shall be available to bidders online free of cost and should be submitted online e-procurement system of government of Chhattisgarh in https://eproc.cgstate.gov.in. Bids form will be available on the website from 28.06.2024 and may be submitted up to 17:00 Hrs. on 19.07.2024

For participating in bidding process, bidders are required to register in the above web-site with nominal fee of Rs 500/- to be paid online to service provider. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from authorized certifying authorities.

The bidders are required to submit (a) original bid security in approved form and (b) original affidavit duly verified and notarized as per clause 4.4 B (a) (ii) and 4.4 B (c) to **Chief Engineer, Tender Cell, First Floor, NirmanBhawan, PWD, North Block, Sector-19, Naya Raipur (C.G.) 492- 002** as per provisions of bid document through **Speed/ Registered post,** failing which the bids shall be declared non-responsive.

Detailed schedule of important dates may be seen on notice board of offices and also available on website of Public Works Department http://pwd.cg.nic.in

Chief Engineer
(Central Tender Cell)
Office of Engineer-In-Chief
P.W.D. Nava Raipur Atal Nagar (C.G.)

G-242500765/4

Public Works Department
Sector-19, North Block, Naya Raipur (C.G.)
E-Procurement Tender Notice
E-mail: tenders-pwd.cg@gov.in

NIT No.031/TC/EinC/ PWD/2024-25 Dated-26.06.2024

The Engineer-in-Chief, Public Works Department on behalf of **Governor of Chhattisgarh invites percentage rate bids** on electronic tendering system under **RCPLWE RRP-III** in the district of Narayanpur & Bijapur for construction of 03 Bridges with estimated cost amounting **Rs 963.73 Lacs** including their maintenance for five years from the contractors registered with unified registration system (e-registration) in Chhattisgarh. Non registered bidders may submit bid; however the successful bidder must get registered in appropriate class under "Unified Registration System (e-Registration) of Chhattisgarh before signing the agreement.

The bid document shall be available to bidders online free of cost and should be submitted online e-procurement system of government of Chhattisgarh in https://eproc.cgstate.gov.in. Bids form will be available on the website from 28.05.2024 and may be submitted up to 17:00 Hrs. on 15.07.2024

For participating in bidding process, bidders are required to register in the above web-site with nominal fee of Rs 500/- to be paid online to service provider. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from authorized certifying authorities.

The bidders are required to submit (a) original bid security in approved form and (b) original affidavit duly verified and notarized as per clause 4.4 B (a) (ii) and 4.4 B (c) to **Chief Engineer, Tender Cell, First Floor, NirmanBhawan, PWD, North Block, Sector-19, Naya Raipur Atal Nagar (C.G.) 492-002** as per provisions of bid document through **Speed/ Registered post,** failing which the bids shall be declared non-responsive.

Detailed schedule of important dates may be seen on notice board of offices and also available on website of Public Works Department **http://pwd.cg.nic.in**

Chief Engineer
(Central Tender Cell)
Office of Engineer-In-Chief
P.W.D. Nava Raipur Atal Nagar (C.G.)

G-242500753/3

छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग
भानुप्रतापपुर काष्ठागार (पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल) के नीलाम का संक्षिप्त विवरण

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल अंतर्गत काष्ठागार भानुप्रतापपुर एवं बांसागार कराठी / अंतागढ़ / में संग्रहित ईमारती काष्ठ / बल्ली / औद्योगिक / व्यापारिक बांस का निम्न दर्शाये गये स्थल में भण्डारीत है। जिसका निर्वतन नीलाम तिथि 08.07.2024 को किया जावेगा तदानुरूप इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है, कि घोष विक्रय में भाग लेवें ।

नीलाम में प्रस्तावित मात्रा कम या अधिक हो सकती है। बोली लगाने से पूर्व कृपया वनोपज का निरीक्षण कर लेवें। घोष विक्रय की शर्तों एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में संबंधित वनमंडल से प्राप्त की जा सकती है ।

वनमंडल का नाम	काष्ठागार का नाम	स्थान/नीलाम दिनांक व समय
पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल	काष्ठागार भानुप्रतापपुर	काष्ठागार भानुप्रतापपुर नीलाम भवन दिनांक 08.07.2024 प्रातः 09:00 बजे से

-: अनुमानित मात्रा काष्ठ एवं बल्लियां :-

अ. क्र.	प्रजाति	नया वनोपज		अविकित वनोपज		योग	
		काष्ठ घ.मी.	बल्ली	काष्ठ घ.मी.	बल्ली	काष्ठ घ.मी.	बल्ली
1	सागौन	5	129	105	582	110	711
2	साल	118	59	163	129	281	188
3	बीजा	30	25	30	-	60	25
4	साजा	93	125	19	2	111	127
5	शीशम	1	-	-	-	1	-
6	हल्दू / मुंडी	4	16	47	-	51	16
7	तिन्सा	10	-	1	-	12	-
8	धावड़ा	50	79	24	-	74	79
9	कर्रा	1	-	-	13	1	13
10	तेन्दु	28	-	18	-	46	-
11	अन्य	95	181	22	35	117	216
	योग :-	435	614	429	761	864	1375

-: नीलाम हेतु प्रस्तावित औद्योगिक / व्यापारिक बांस :-

क्र.	वनमण्डल	बांसागार भानुप्रतापपुर	नग	नो.टन	रिमार्क
	पूर्व वनमंडल भानुप्रताप पुर	व्यापारिक बांसागार भानुप्रतापपुर (नया लॉट)	44520	131.893	काष्ठ नीलाम के पश्चात् औद्योगिक /व्यापारिक बांस का भानुप्रतापपुर नीलाम हॉल में किया जावेगा।
		व्यापारिक बांसागार भानुप्रतापपुर बांसागार भानुप्रतापपुर (पुराना लॉट)	22280	62.209	
		बांसागार भानुप्रतापपुर	बंडल	नो. टन	
		औद्योगिक बांसागार भानुप्रतापपुर (नया लॉट)	6623	92.062	
		औद्योगिक बांसागार भानुप्रतापपुर (पुराना लॉट)	3202	24.512	
		बांसागार अंतागढ़	नग	नो. टन	
		व्यापारिक बांसागार अंतागढ़ (नया लॉट)	1800 नग	5.474	
		व्यापारिक बांसागार अंतागढ़ (पुराना लॉट)	2830 नग	8.606	
		बांसागार अंतागढ़	बंडल	नो.टन	
		औद्योगिक बांसागार अंतागढ़ (नया लॉट)	1200 नग	20.000	

दूरभाष क्रमांक - पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल (07850-252223)

1. प्रत्येक क्रेता को नीलाम में बोली लगाने के पूर्व प्रत्येक लॉट के संबंध में जिस सीमा तक वह बोली लगाना चाहता है, उसके 10 प्रतिशत के बराबर राशि या 1,000 /- रुपए इसमें जो भी अधिक हो, जमा करना अनिवार्य है।
2. क्रेता द्वारा नीलाम में बोली लगाने के पूर्व कलेण्डर वर्ष 2024 का पंजीयन, आयकर पेन कार्ड की छायाप्रति एवं जी. एस. टी. पंजीयन का प्रमाण पत्र ई.एम.डी. कक्ष में जमा करना अनिवार्य है
3. विनिमार्ता / उपभोक्ता / व्यापारी लायसेंस / जी.एस.टी. पंजीयन नम्बर की छायाप्रति एवं आयकर पेन कार्ड की छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने पर ही कार्य आदेश जारी किया जावेगा।
4. नीलाम में क्रय किये गये लॉटों का विक्रय मूल्य सहित पूर्ण विवरण ई. एम. डी. जमा पर्ची के पीछे अनिवार्य रूप से दर्ज करना होगा ।
5. वनोपज विक्रय उपरांत डिमाण्ड ड्राफ्ट स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया का ही स्वीकार किया जावेगा ।
6. अन्य जो भी जानकारी जो आवश्यक हो वनमंडल कार्यालय से सम्पर्क स्थापित कर प्राप्त कर सकते है।

वनमंडलाधिकारी
पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल
भानुप्रतापपुर

जी- 242500767/7

MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR

e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
EXPRESSION OF INTEREST

NIT NO:- 15/GARDEN/RMC/2024 **RAIPUR DATED : 01-07-2024**

Online bids are invited for the following works up to 31/07/2024 at 17:30 hours.

Sr. No.	System Tender No.	Name of work/Description of work	Probable amount of contract (In Lacs)
1	155616	Selection of Corporate Partner for establishment of AI Lab in Raipur.	NA

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 01/07/2024 17.30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal NIT Details and other documents.

NOTE:-
1. All eligible / interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

EXECUTIVE ENGINEER
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें.

कार्यालय वनमण्डलाधिकारी बलरामपुर वनमण्डल, बलरामपुर (छ.ग.)
दूरभाष :- 07831-273091 273092 (Office) 273093 (Fax) ई-मेल dfobalrampur@gmail.com

क्रमांक/मा.चि./1470 बलरामपुर, दिनांक 01/07/2024

निविदा सूचना (BLP/02 /2024)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वनमण्डल बलरामपुर (छ.ग.) द्वारा समस्त परिक्षेत्र में चल रहे विभिन्न कार्यो हेतु आवश्यक सामाग्री / कार्य की निविदा आमंत्रित की जाती है। जिस हेतु विस्तृत विवरण एवं निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय से निर्धारित समयावधि अनुसार राशि रु 1000/- का डिमांड ड्राफ्ट / नगद शुल्क (प्रत्येक समूह हेतु पृथक) जो वनमण्डलाधिकारी बलरामपुर के नाम से देय हो, जमा कर पूर्ण आवेदन के साथ प्रस्तुत करने पर प्राप्त किया जा सकता है :-

निविदा चक्र	निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि/समय	निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि / समय	निविदा खोलने का समय
प्रथम निविदा	20.08.2024 दोहपर 12 बजे तक	20.08.2024 दोहपर 2 बजे तक	21.08.2024 दोहपर 2 बजे
द्वितीय निविदा	19.09.2024 दोहपर 12 बजे तक	19.09.2024 दोहपर 2 बजे तक	20.09.2024 दोहपर 2 बजे
तृतीय निविदा	09.10.2024 दोहपर 12 बजे तक	09.10.2024 दोहपर 2 बजे तक	10.10.2024 दोहपर 2 बजे

वनमण्डलाधिकारी
बलरामपुर वन मंडल बलरामपुर

जी- 242500742/3

जना स्माल फाइनेंस बैंक
(एक अधिसूचित वाणिज्यिक बैंक)

पंजीकृत कार्यालय : द फेयर वे, भूतल व प्रथम तल, सर्वे नं. 10/1, 11/2 व 12/2 B, ऑफ डोमलूर, कोरामंगला इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क के आगे, चल्लाघट्टा, बैंगलोर- 560071, शाखा कार्यालय: मलय हाइट्स, प्रथम तल IDBI बैंक के ऊपर, RBI के सामने, महादेव घाट रोड, सुंदर नगर, रायपुर (छ.ग.) 492001

ई-नीलामी सूचना

वित्तीय संपत्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम (SARFAESI ACT) अधिनियम 2002, सहपठित सुरक्षा हित (प्रवर्तन) विनियम 2002 के नियम 8 (6) व 9 के अंतर्गत ई-नीलामी के द्वारा बिक्री के लिये आम सूचना

अधोहस्ताक्षरी ने, **जना (JANA) स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, SARFAESI अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्न संपत्ति को कब्जे में लिया है, विशेष रूप से कर्जदार को तथा बड़े पैमाने पर आम लोगों को सूचित किया जाता है कि, बैंक के देयकों को चुकता करने के लिये, नीचे उल्लेखित एकाउंट में, गिरवी रखी गई संपत्ति की आनलाइन नीलामी (ई-नीलामी) **"जैसा है, जहां है"** तथा **"जैसा है, जो है"** के आधार पर, वहां नीचे निर्धारित तिथि को होगी.

अनु क्र.	लोन एकाउंट नंबर	मूल कर्जदार/सह कर्जदार गारंटर का नाम	13-2 नोटिस की तिथि	कब्जे की तिथि	मौजूदा बकाया राशि इस तिथि को	संपत्ति के निरीक्षण की तिथि व समय	रिजर्व प्राइस INR में	प्रतिभूमि राशि जमा (EMD) INR में	ई-नीलामी की तिथि एवं समय	बिड जमा करने की अंतिम तिथि, समय व स्थानं
1.	45099420003271	1. मि. विक्रम सिंह लुनिया पिता- कमल सिंह 2. श्रीमती जमुना लुनिया पति विक्रम सिंह लुनिया	29.12.2023	13.03.2024	रू. 8,61,590.10 (रुपये आठ लाख इकसठ हजार पांच सौ नब्बे एवं दस पैसे मात्र) 19.06.